कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.03.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

कम्प्यूटर साईंस विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय डा0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा दिनांक 30/03/2026 **को** *Software Development Life Cycle* **विषय पर एक गेस्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता** (Resource Person) **के रूप में डा. संतोष कुमार मिर्री सहायक प्राध्यापक, सेंट थामस महाविद्यालय, भिलाई उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में सॉफ्टवेयर विकास की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया। विशेष रूप से उन्होंने** SDLC **के चरणों**—Requirement Analysis, Design, Implementation, Testing, Deployment **और** Maintenance **के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और प्रत्येक चरण के महत्व को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी सॉफ्टवेयर के विकास से पहले उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं को सही ढंग से समझना, प्रभावी योजना बनाना, टीमवर्क बनाए रखना तथा गुणवत्ता और समय प्रबंधन पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।**

इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक, श्री जागृत ठाकुर तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे। । कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री गणेश राम नायक द्वारा किया गया । यह गेस्ट लेक्चर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कम्प्यूटर साईंस विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन